जागरण

# नकली नमक की खेप बरामद, थोक व्यापारी गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 05 Sep 2018 06:57 PM (IST)



**जेएनएन**, **मालेरकोटला**, **संगरूर** :

**तंदरूस्त मिशन पंजाब के तहत पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान तहत स्थानीय सिटी** 2 **के एसएचओ राजेश स्नेही की टीम ने पुरानी अनाज मंडी में नमक के एक थोक व्यापारी से नकली नमक की बड़ी खेप बरामद की है। इस संबंधी जानकारी देते राजेश स्नेही ने बताया कि मैस: भगवती ट्रेडर्स पर छापेमारी कर** 875 **किलोग्राम नकली नमक बरामद किया। व्यापारी नकली नमक को टाटा कंपनी के लिफाफों मे पैक नमक बरामद किया गया तथा थोक कारोबारी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया। नमक के सैंपल को लेबोरेटरी टेस्ट के लिए भेज दिया गया है। इस मौके पर पुलिस पार्टी के साथ टाटा इंफोर्समेंट के मैनेजर राजेश कुमार उपस्तिथ थे।**

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/punjab/sangrur-fake-salt-recover-18392519.html